न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, खाजूवाला जिला बीकानेर

पीठासीन अधिकारी :— मिथलेश कुमार आर.ए.एस.

राजस्व वाद पत्र संख्या :— 58/20

जगसीरसिंह पुत्र महेन्द्रसिंह जाति बाजीगर निवासी 34 RWD तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ हाल 5 MTM तहसील खाजूवाला जिला बीकानेर।

........प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व खाजूवाला जिला बीकानेर।

..........अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 आर.टी.एक्ट.

—:आदेश:— दिनांक :— 21.08.2020

यह प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने अन्तर्गत धारा 136 एल.आ.एक्ट प्रस्तुत किया। प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त तथ्य इसप्रकार से है कि प्रार्थी के नाम चक 5 MTM के मु0नं0 192/43 के किला नं0 11 ता 25 की 15 बीघा कृषि भूमि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। प्रार्थी का कथन है कि उक्त भूमि के बैयनामा में प्रार्थी का नाम जगसीर सिंह पुत्र महेन्द्र है जबकि वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड में की जमाबंदी में जंगीरसिंह पुत्र महेन्द्रसिंह दर्ज कर दिया है। जो दुरुस्ती योग्य है। प्रार्थी का सही नाम जगसीर सिंह पुत्र महेन्द्रसिंह है। इस संबंध में प्रार्थी ने बैयनामा व जमाबंदी छायाप्रति, इंतकाल प्रविष्टि की प्रति, शपथपत्र व अन्य दस्तावेंज आधारकार्ड, परिचयपत्र की प्रति संग्लन की है।

पत्रावली का अवलोकन किया । उपलब्ध दस्तावेज एवं तहसीलदार खाजूवाला की रिपोर्ट के आधार पर भूमि वाके चक 5 MTM के मु0नं0 192/43 के किला नं0 11 ता 25 की 15 बीघा कृषि भूमि में प्रार्थी का जंगीरसिंह पुत्र महेन्द्र सिंह की जगह दुरुस्त कर जगसीर सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह नियमानुसार करने के आदेश दिये जाते है। शेष प्रविष्टिया यथावत रहेगी। तदानुसार तहसीलदार राजस्व, खाजूवाला राजस्व रिकॉर्ड में अंकन करें। आदेश आज दिनांक 21.08.2020 को सरे इजलास सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Mithlesh Kumar
Date: 2021.01.06 20:27:07 IST
Reason: SelfAttested

(मिथलेश कुमार),
(आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी,
(खाजूवाला)

Signature Not Verified

Digitally signed by Mithlesh Kumar
Date: 2021.01.06 20:27:07 IST
Reason: SelfAttested